राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

## राज्यपाल ने बैसाखी पर्व पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं।

**राजभवन देहरादून 12 अप्रैल, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि बैसाखी का पर्व उमंग, उत्साह और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व समाज में सुख—समृद्धि, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। बैसाखी हमारे देश की समृद्धशाली कृषि परंपरा, ग्रामीण जीवन और सांस्कृतिक मूल्यों का उत्सव है, जो किसानों की कठिन मेहनत और योगदान का सम्मान भी है।

राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व सिख पंथ के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उनका जीवन हमें त्याग, बलिदान और मानवता के प्रति अटूट समर्पण की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने बैसाखी के पावन पर्व पर सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

..........0..........